## भगवान सिंह चौहान का जन्मदिन मनाया



इंदौर। भोजपुरिया समाज के संरक्षक व पूर्व पार्षद भगवान सिंह चौहान का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया इंदौर भोजपुरिया समाज के संरक्षक वह पूर्व पार्षद भगवान सिंह चौहान का जन्मदिन उनके निज निवास गांधीनगर पर धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर भोजपुरिया समाज के अध्यक्ष बटेश्वर नाथ सिंह विनोद सिंह आलोक सिंह अंकित सिंह आनंद सिंह विनोद पंडित आदि भोजपुरिया समाज के लोग उपस्थित थे भोजपुरिया समाज के अध्यक्ष बटेश्वर नाथ सिंह ने बताया कि हर समाज के व्यक्ति जो समाज के लिए काम करते हैं उनका सम्मान हम करते रहेंगे।

## ब्लू डे मनाया गया




इंदौर। सिका स्कूल स्कीम नंबर 54 बाल-वाटिका में ब्लू डे बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। नर्सरी के सभी बच्चे नीले रंग के सुंदर-सुंदर परिधानों में विद्यालय आए। बच्चों को नीले रंग की पहचान करवाने के लिए विभिन्न रोचक एवं मनोरंजक गतिविधियाँ करवाई गईं। बच्चों ने नीले रंग से संबंधित कविताएँ एवं गीत प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका श्रीमती लीना सेबेस्टियन ने बच्चों को बताया कि नीला रंग शांति, विश्वास, आत्मविश्वास और विशालता का प्रतीक है। यह रंग बच्चों में सकारात्मक सोच, एकाग्रता एवं सृजनात्मकता को बढ़ावा देता है।

यह आयोजन बच्चों के लिए केवल मनोरंजन का अवसर ही नहीं था, बल्कि सीखने, बोलने तथा रंगों की पहचान करने का एक आनंददायक एवं उपयोगी अनुभव भी रहा। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को ब्लू रंग के टेकअवे उपहार स्वरूप प्रदान किए।

## अन्नाभाऊ साठे जयंती मनाई जाएगी



इंदौर। मांग मातंग समाज की संचालन समिति बैठक पंढरीनाथ चौराहे पर संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में लोक साहित्य रतन अन्नाभाऊ साठे जयंती 1 अगस्त को धूमधाम से मनाई जाएगी। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मांग मातंग समाज के उज्जैन रतलाम मंदसौर नागदा सहित मध्य प्रदेश के सभी जिलों से समाज के वरिष्ठ समाजसेवी इस यात्रा की शोभा बढ़ाएंगे। शोभा यात्रा में बैंड बाजा ढोल ताशा घोड़े बग्गी के साथ निकाली जाएगी। यात्रा पंढरीनाथ चौराहे से राजवाड़ा तक निकल जाएगी। यात्रा में बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरुष भाग लेंगे। यात्रा समापन पर समाज के मेघावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा।

## सेवा भारती द्वारा महापौर का सम्मान



इंदौर। सेवा भारती के द्वारा हमारे महापौर माननीय पुष्यमित्र भार्गव जी का सम्मान किया गया और दिशा प्रकल्प से चयनित दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का शासकीय सेवा में चयन हुआ है। उनका भी सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में महापौर जी ने कहा सेवा भारती सिर्फ प्रेरणा लेकर ही हम आगे बढ़ रहे हैं और सेवा कार्य कर रहे हैं।

सेवा भारतीअनुपयोगी भावनाओं का इस्तेमाल कर एक अच्छा सार्थक प्रयास कर रही है हम उनके इस कार्य की सराहना करते हैंस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष श्री रवि भाटी जी ने महापौर जी को सम्मान पत्र देकरसम्मानित किया।संचालन सचिन गुप्ता जी ने किया।

## कार्टून कोना




# 75 वर्षीय मरीज के दिल से निकाला 180 ग्राम का ट्यूमर

**इंदौर । मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, इंदौर के कार्डियक सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. विनीत पांडे और एनेस्थेटिस्ट डॉ. मनोज गुप्ता और उनकी टीम ने एक दुर्लभ और जटिल सर्जरी कर 75 वर्षीय मरीज के दिल से करीब 180 ग्राम वजनी कार्डियक ट्यूमर सफलतापूर्वक निकालकर उन्हें नई जिंदगी दी।**



दिल के दाहिने हिस्से में विकसित यह ट्यूमर लगातार आकार बढ़ा रहा था और हृदय की कार्यप्रणाली को प्रभावित करने लगा था। समय पर बीमारी की पहचान, विशेषज्ञ टीम की सर्जरी और बेहतर पोस्ट ऑपरेटिव देखभाल के चलते मरीज तेजी से स्वस्थ होकर पांचवें दिन अपने घर लोटा।

हरदा के गाँव भुवनखेडी निवासी जय सिंह चंदेल पिछले करीब 15 दिनों से सांस फूलने, सीने में दर्द और बार-बार चक्कर आने की समस्या से परेशान थे। शुरुआत में उन्हें लगा कि यह बढ़ती उम्र या सामान्य कमजोरी की वजह से हो रहा है, लेकिन तकलीफ लगातार बढ़ती गई। सांस लेने में दिक्कत इतनी बढ़ गई कि रोजमर्रा के सामान्य काम करना भी मुश्किल होने लगा। इसके बाद मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, इंदौर पहुंचा और सरकार की आयुष्मान योजना के अंतर्गत उपचार करवाया । मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, इंदौर के कार्डियक सर्जरी विभाग के डायरेक्टर डॉ. विनीत पांडे ने बताया कि- पेशेंट का अस्पताल में प्रारंभिक जांच के बाद डॉक्टरों ने इकोकार्डियोग्राफी समेत आवश्यक हृदय संबंधी परीक्षण किए। जांच में पता चला कि मरीज के दिल के दाहिने हिस्से में राइट एट्रियल मायक्सोमा नाम का दुर्लभ कार्डियक ट्यूमर विकसित हो गया है। यह ट्यूमर रक्त के सामान्य प्रवाह में बाधा बन रहा था।

सभी जांच रिपोर्ट और मरीज की स्थिति का विस्तृत मूल्यांकन करने के बाद कार्डियक सर्जरी टीम ने ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। सर्जरी के दौरान डॉक्टरों ने ट्यूमर को पूरी सावधानी से उसकी जड़ सहित निकाल दिया। ऑपरेशन के समय ट्यूमर का वास्तविक आकार 9.5 म 5.5 सेंटीमीटर और वजन करीब 180 ग्राम पाया गया। डॉक्टरों के अनुसार, दिल में बनने वाले इस प्रकार के ट्यूमर बेहद दुर्लभ होते हैं और समय पर इलाज नहीं मिलने पर यह जानलेवा भी साबित हो सकते हैं।

सर्जरी के बाद 4 से 5 दिन स्वास्थ्य मानकों में लगातार सकारात्मक बदलाव देखने के बाद पांचवें दिन उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वर्तमान में मरीज स्वस्थ हैं और नियमित फॉलोअप के साथ सामान्य जीवन की ओर लौट रहा हैं।

आगे मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, इंदौर के कार्डियक सर्जरी विभाग के डायरेक्टर डॉ. विनीत पांडे ने बताया कि राइट एट्रियल मायक्सोमा हृदय में बनने वाला एक दुर्लभ ट्यूमर है।

मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, इंदौर के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संजय गीद ने कहा कि मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, इंदौर में मरीज का उपचार आयुष्मान भारत योजना के तहत किया गया।

# इंडो-जर्मन एजुकेशन कॉन्क्लेव 2026 में उमड़ा युवाओं का उत्साह

**इंदौर। वॉयेज अकादमी प्रा. लि., इंदौर द्वारा गुरुवार को लाभ मंडपम, अभय प्रशाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित इंडो-जर्मन एजुकेशन कॉन्क्लेव 2026 का भव्य आयोजन हुआ। कॉन्क्लेव में इंदौर सहित प्रदेशभर से हजारों विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, करियर काउंसलर्स एवं युवा प्रोफेशनल्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।**




कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं ने भारत की प्रतिभा, ज्ञान और कौशल का परचम विश्वभर में, विशेष रूप से जर्मनी सहित अन्य देशों में लहराने तथा अपने ज्ञान और कार्य से देश का गौरव बढ़ाने का संकल्प लिया।

पूरे आयोजन के दौरान विद्यार्थियों में अंतरराष्ट्रीय शिक्षा और करियर को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।

कॉन्क्लेव का आयोजन गोएथे-इंस्टीट्यूट पुणे, DAAD (German Academic E&change Service), Pro Recognition Pune ÌÏæ GLS (German Language School) के सहयोग से किया गया। विशेषज्ञों ने जर्मनी में उच्च शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास, छात्रवृत्ति, छात्र वीज़ा, जर्मन भाषा प्रशिक्षण, प्रोफेशनल योग्यता की मान्यता तथा वैश्विक करियर के अवसरों पर विस्तृत जानकारी दी।

विशेषज्ञों ने बताया कि आज जर्मनी भारतीय विद्यार्थियों और कुशल पेशेवरों के लिए उच्च शिक्षा एवं रोजगार का प्रमुख केंद्र बन चुका है। इंजीनियरिंग, आईटीआई, डिप्लोमा, स्वास्थ्य सेवाएं, हॉस्पिटैलिटी, बैंकिंग तथा अन्य तकनीकी क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों की विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को दी गई। साथ ही जर्मन भाषा के महत्व और उसके माध्यम से अंतरराष्ट्रीय करियर के नए अवसरों पर भी प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। अभिभावकों और शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे युवाओं के भविष्य निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## पर्याप्त वर्षा हेतु अक्षत से किया सर्वदेवमई गोमाता का अभिषेक



इंदौर। पूरे देश भर मे वर्षाकाल मे पर्याप्त वर्षा हो इस भाव को लेकर आषाढ़ सुदी दूज, भगवान जगन्नाथ जी रथ यात्रा महोत्सव एवं गुप्त नवरात्रि पर कामधेनु सेवा समिति ने फुटी कोठी परिसर स्थित श्रीकृष्ण गोशाला मे गोमाता की पूजा कर श्री सुक्त से गोमाता का अक्षत द्वारा अभिषेक किया। कपूर आरती की गई गोमाता को हरा चारा एवं पौष्टिक लड्डुओं का भोग लगाया गया।

यह जानकारी देते हुए समिति के राजेंद्र असावा व बुरहानुद्दीन शकरुवाला ने बताया कि गोमाता को मोली, नाडा की माला निर्मित कर पहनाई गई साथ ही सभी गौभक्तों को कलाई पर गोरक्षा सूत्र बांधा गया एवं सभी की गोमाता की पूछ से नजर उतारी गई। उपस्थित सभी गौभक्तों ने पूरे देश में पर्याप्त वर्षा हो इस हेतु गोमाता से प्रार्थना कर पूजा की। सम्पूर्ण विधि प.संदीप पाराशर द्वारा पूर्ण की गई इस अवसर पर बाबूलाल अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, नवनीत लाहोटी, लक्ष्मीनारायण मेडतवाल, हरीश थोरात, श्याम पोरवाल, संतोष चौबे, राजेन्द्र मुजे, प्रकाश गुप्ता, महेंद्र माहेश्वरी, ओमप्रकाश मालू सहित बड़ी संख्या में गोभक्त उपस्थित थे।

## ऐतिहासिक चातुर्मास के पूर्व भव्य सामैया प्रवेश सम्पन्न, 20 ठाणा का मंगल आगमन



इंदौर। ऐतिहासिक गुरु स्पर्श चातुर्मास-2026 के अंतर्गत परम पूज्य गच्छाधिपति आचार्य श्रीमद् विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी म.सा. आदि मुनि एवं साध्वी भगवंतों के कुल ठाणा-20 का जानकी नगर में भव्य एवं भक्तिमय आगमन हुआ। प्रातः 8 बजे जानकी नगर जैन जिनालय में दर्शन-वंदन के पश्चात जैन उपाश्रय में पूज्य गच्छाधिपति के मंगल आशीर्वचन एवं मांगलिक का आयोजन हुआ।

इसके बाद भव्य सामैया प्रवेश शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जो विभिन्न मार्गों से होती हुई श्री राकेश कुमार एवं श्री मुकेश कुमार जैन (पिपलोदा वाले) के निवास, जानकी नगर पहुँची। धर्मसभा का शुभारंभ पूज्य गच्छाधिपति के मंगलाचरण से हुआ। इस अवसर पर पूज्य मुनिराज श्री सिद्धरत्नविजयजी म.सा.ने सृजन करना या विसर्जन करना विषय पर प्रेरणादायी प्रवचन देते हुए जीवन में धर्म, संस्कार एवं आत्मकल्याण के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात पूज्य मुनिराज श्री विद्वत्नविजयजी म.सा. ने अपने ओजस्वी प्रवचन में देव, गुरु एवं धर्म की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि इंदौर में धर्म की गंगोत्री प्रवाहित हुई है।

इंदौरवासी इस पावन गंगोत्री में आस्था की डुबकी लगाने से वंचित न रहें। आचार्य भगवंत के साथ पधारे संत-समुदाय में पूज्य सिद्धरत्नविजयजी म.सा., विद्वत्नविजयजी म.सा., चारित्ररत्नविजयजी म.सा., प्रशमसेनविजयजी म.सा., अजितसेनविजयजी म.सा., तारकरत्नविजयजी म.सा., निर्भयरत्नविजयजी म.सा., अध्यात्मसेनविजयजी म.सा., अर्हमसेनविजयजी म.सा. सहित साध्वी कैलाशश्रीजी म.सा. आदि ठाणा-3, साध्वी श्री दिव्यदृष्टाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा-5 एवं साध्वी श्री विद्वत्तगुणाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा-2 विराजमान हैं।

इस प्रकार कुल ठाणा-20 इस वर्ष इंदौर में चातुर्मास हेतु पधारे हैं। इस अवसर पर श्री नीरज सुराणा, श्री महेंद्र बागवाला, धरमचंद बोहरा एवं श्री मुकेश पिपलोदा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में श्री वीरेन्द्र लुंकड़, श्री शशिकांत सकलेचा, श्री तेजकुमार बंबोरिया, श्री नरेंद्र राठौर, श्री ललित जैन थांदलावाला, श्री नरेंद्र सुराणा सहित सैकड़ों श्रद्धालु एवं समाजजन उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना में स्वयंसेवक पंजीयन हेतु साक्षात्कार प्रक्रिया प्रारंभ

**इंदौर। शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इंदौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 व 2 के द्वारा सत्र 2026-27 के लिए स्वयंसेवक पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) हेतु 15 जुलाई से 22 जुलाई तक साक्षात्कार प्रक्रिया का आयोजन किया जा रहा है।**




यह साक्षात्कार प्रतिदिन दोपहर 12.00 बजे से सायं 5रू00 बजे तक राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में इंटरव्यू के प्रथम दिन महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के लगभग 479 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की।

साक्षात्कार दो चरणों में आयोजित किया गया। प्रथम चरण में विद्यार्थियों की शारीरिक दक्षता का परीक्षण किया गया, जबकि द्वितीय चरण में उनके व्यक्तित्व, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक सेवा के प्रति रुचि, संवाद कौशल तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में सहभागिता का मूल्यांकन किया गया।

साक्षात्कार पैनल में देविका अत्रे, चूड़ामणि विश्वकर्मा (प्री-आरडीसी कैंपर), हर्ष रघुवंशी (रेड रिबन क्लब हेड एवं होलकर के हेड बॉय) तथा युवराज बरसेना (राज्य स्तरीय शिविर प्रतिभागी एवं पूर्व स्वयंसेवक) शामिल रहे। पैनल ने विद्यार्थियों का निष्पक्ष एवं व्यवस्थित मूल्यांकन किया।

महाविद्यालय की प्राचार्य मेजर डॉ. अनामिका जैन ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर सेवा, नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. नागेश डगांवकर ने इस प्रकार की चयन प्रक्रिया को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

यह इंटरव्यू राष्ट्रीय सेवा योजना की विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमावती सिसोदिया एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संदीप गोहर के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है।

डॉ. सीमावती सिसोदिया ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना है।

# एन. एस. एस. होलकर द्वारा नशा मुक्ति शपथ एवं डाक्यूमेंट्री द्वारा जागरूकता

इंदौर। उच्च शिक्षा विभाग म.प्र शासन उन्मूलन अभियान के अंतर्गत संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इंदौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 एवं 2 द्वारा महाविद्यालय परिसर में नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता करते हुए नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। उपस्थितजनों ने शपथ ली कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करेंगे तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे। प्राचार्य मेजर डॉ. अनामिका जैन एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. नागेश डगांवकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि, नशामुक्त युवा ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं और प्रत्येक को इस नशे से दूरी रखनी है। प्रत्येक विद्यार्थी का दायित्व है कि वह स्वयं नशे से दूर रहकर समाज में जागरूकता का संदेश फैलाए और विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सीमावती सिसोदिया एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संदीप कुमार गोहर की इस कार्यक्रम को संचालन करने के लिए सराहना की राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सीमावती सिसोदिया ने कहा कि, राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना है।